THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI B. P. MAURYA): (a) The West Bengal Sugar Industries Development Corporation Private Limited, Calcutta set-up by the Government of West Bengal for development of the sugar industry in the State has taken over the National Sugar Mills Limited, Ahmedpur. The Corporation has started renovating the plant and machinery and taken up an intensive cane cultivation programme.

(b) The factory is expected to go into production by December, 1974.

धान मिलों का आधुनिकीकरण

6622. **श्री चिरंजीव झा :**

श्री ई० वी० विखे पाटिल :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का खाद्य निगम के माध्यम से धान मिलों की परम्परागत मशीनरी को आधुनिक बनाने के लिये अभियान चलाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो इससे प्रतिवर्ष कितने टन चावल को नष्ट होने से बचाया जा सकेगा ; और

(ग) भारतीय खाद्य निगम ने अभी तक राज्यवार कितनी आधुनिक चावल मिल लगायी हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे) : (क) चावल मिलिंग उद्योग वनियमन अधिनियम तथा उसके अधीन बनाये गये नियमों और सरकार द्वारा प्रायोजित तकनीकी तथा प्रबन्धकीय कार्मिकों के प्रशिक्षण, उन्नत उपकरणों का विकास और उद्योग के आधुनिकीकरण पर तकनीकी जानकारी का प्रसार करने के अलावा, भारतीय खाद्य निगम आधुनिक चावल मिलें स्थापित कर और सेमीनारों का आयोजन कर आधुनिकीकरण केये कार्यक्रम में सहायता दे रहा है ।

(ख) आधुनिकीकृत चावल मिल में चावल की अतिरिक्त वसूली 1 से 6 प्रतिशत के बीच हो सकती है और यह धान के कूटने, सेलीकरण और अपनाई गई अन्य विधायन विधियों और आधुनिकीकृत मशीनरी के स्वरूप पर निर्भर करेगा ।

(ग) भारतीय खाद्य निगम द्वारा राज्य वार स्थापित आधुनिकी स्थापित चावल मिलों की संख्या इस प्रकार है :—

पंजाब	2
हरियाणा	1
उत्तर प्रदेश	1
बिहार	2
उड़ीसा	3
पश्चिमी बंगाल	4
असम	2
मणिपुर	1
आन्ध्र प्रदेश	4
तमिल नाडु	4
केरल	1
जोड़	25

धान की भूसी के तेल से वनस्पति घी का उत्पादन

6623. **श्री चिरंजीव झा ।** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या धान की भूसी के तेल से वनस्पति घी का उत्पादन किया जा सकता है ;

(ख) यदि हां, तो किन-किन राज्यों में और कहां-कहां धान की भूसी से तेल निकाला जाता है ; और